सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 22 जुलाई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन के निदेशक डॉ. करणदीप सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने बताया की निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन हाउस एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से सिख और सनातन धर्म की शिक्षाओं का प्रचार–प्रसार कर रहा है। प्रोडक्शन हाउस को उनकी फिल्म ''सुप्रीम मदरहुड'' के लिए 12 इंटरनेशनल अवार्ड मिल चुके हैं। यह एनिमेटेड फिल्म ब्रिटिश पार्लियामेंट में भी प्रदर्शित की गई। यह फिल्म ''खालसा दी माता'' माता साहिब कौर के इतिहास पर प्रकाश में डालने के उद्देश्य से बनाई गई है।

इस अवसर पर निदेशक ने राज्यपाल को उत्तराखण्ड के लिए प्रस्तावित ''देवभूमि एक्सप्रेस प्रोजेक्ट'' के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि इस एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से बच्चों को नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाएं दी जाएगी। इसके साथ–साथ लोगों को सिख एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक शिक्षाओं से भी परिचय कराया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से बच्चों को नैतिक और चारित्रिक शिक्षा दिए जाने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा वर्तमान समय के परिपेक्ष्य में इसकी बहुत जरूरत है। उन्होंने इस सोच के लिए प्रोडक्शन हाउस के सभी सदस्यों के प्रयासों को सराहा। राज्यपाल ने इस प्रोजेक्ट के लिए हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्रीमती भगवत कौर, परमिंदर सिंह, मंजीत सिंह और जसबीर सिंह ओबेरॉय मौजूद रहे।

............0............